केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/प्रैक्टिकल/2026/ दिनांक: 10/02/2026

परिपत्र सं.-04/2026

अनुस्मारक 2

विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रमुख,
सीबीएसई से संबद्ध सभी विद्यालय
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

**विषय: प्रैक्टिकल परीक्षा-2026 के अंकों को अपलोड करने की अंतिम तिथि के संबंध में।**

**महोदया/महोदय,**

यह परिपत्र संख्या सीबीएसई/समन्वय/प्रैक्टिकल-अनुस्मारक/2026, दिनांक 01/01/2026 के क्रम में है जिसके द्वारा कक्षा X और XII-2026 की प्रैक्टिकल परीक्षाओं/प्रोजेक्ट/आंतरिक मूल्यांकन आयोजित करने की समय-सारणी, जो 1 जनवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा, सूचित किया गया था। इसी क्रम में, पुन: यह दोहराया जाता है कि निम्नलिखित के संबंध में अंक **14 फरवरी 2026** तक अपलोड कर पूर्ण कर लिए जाएं:-

1. कक्षा XII के लिए प्रायोगिक परीक्षाएँ/परियोजना/आंतरिक मूल्यांकन।
2. कक्षा XII के लिए आंतरिक ग्रेड।
3. कक्षा X के लिए आंतरिक मूल्यांकन।

क) आंकड़ों की जांच करने पर यह देखा गया है कि लगभग 30% विद्यालय आज की तारीख तक परीक्षाओं के आयोजन/अंकों के अपलोड करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर पाए हैं। सभी विद्यालयों को पुनः स्मरण कराया जाता है कि वे कक्षा X/XII के विद्यार्थियों के संबंध में सभी अईए/प्रैक्टिकल/प्रोजेक्ट/इंटरनल ग्रेड्स को 14 फरवरी 2026 तक पूर्ण कर लें।

ख) इसके अतिरिक्त, यह भी देखा गया है कि कुछ विद्यालय बनाए गए बैचों को हटाने तथा सही डेटा भरने की प्रक्रिया कर रहे हैं। 14 फरवरी 2026 के बाद यह विलोपन एवं सुधार की प्रक्रिया नहीं होगी, क्योंकि इस समय सीमा के तुरंत बाद प्रैक्टिकल परीक्षा 2026 के लिए आईपीएस शुरू कर दिया जाएगा।

**अतः सभी प्रधानाचार्यों से पुनः अनुरोध किया जाता है कि वे आंतरिक ग्रेड तथा प्रोजेक्ट/प्रैक्टिकल/आंतरिक मूल्यांकन 14 फरवरी 2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।**

ह/-
**(डॉ संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**